# लीगल इंडस्ट्री के भविष्य पर मंथन




देहरादून स्थित यूपीईएस में गुरुवार को आयोजित सम्मेलन में भाग लेते कानूनी विशेषज्ञ। ● हिन्दुस्तान

देहरादून। यूपीईएस में गुरुवार को लीगल इंडस्ट्री के भविष्य और आज की उच्च तकनीक वाली दुनिया में वकीलों के लिए उभरते अवसरों पर चर्चा करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में लीडिंग एक्सपर्ट्स, प्रैक्टिशनर्स, एडुकेटर्स, कानूनी पेशे पर तकनीकी प्रभाव आदि विषयों पपर चर्चा हुई।

चर्चा में लीगल एजुकेशन का ग्लोबलाइजेशन, लीगल एजुकेशन में इनोवेशन के लिए एक कलैबरेटिव इकोसिस्टम को बढ़ावा देना, डिजिटल युग में लीगल इंडस्ट्री और एकेडेमिया के बीच अंतर को कम करना, लीगल एजुकेशन में एआई के उपयोग के एथिकल इश्यूज को संबोधित करना, अगली पीढ़ी के वकीलों का टेक्नोलॉजी के साथ समन्वय और डिजिटल युग के लिए लीगल एजुकेशन को तैयार करना जैसे मुद्दों को शामिल किया गया था। बॉम्बे बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट व सीनियर एडवोकेट नितिन ठक्कर, यूपीईएस स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ. अभिषेक सिन्हा सहित कई लोग मौजूद रहे।